सार-समाचार

मानस मर्मज्ञ मनावत ने बतायी भक्ति की शक्ति

भीनमाल । जालोर जिले की ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी भीनमाल में इन दिनों समर्थ शिशु राम कथा का भव्य और विराट आयोजन चल रहा है। श्रेष्ठ संतान उत्पत्ति को लेकर विद्या भारती के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय श्री राम कथा के दूसरे दिन पंडित श्याम मनावत ने कहा कि भारत संबंधों का देश है। यहां संपूर्ण जीवन संबंधों से बंधा हुआ है। हमने भूमि को भी भूमि मात्र नहीं कहा बल्कि उसे मां के रिश्ते में बांधकर मातृभूमि कहा। हमने गंगा, गीता, गायत्री को भी मां कहा है। क्योंकि अपना देश संबंधों पर निर्भर करता है। मात्र सोलह साल का खुदीराम बोस इसलिए फांसी के फंदे पर झूल गया क्योंकि वह भारत को अपनी मां मानता था। बिना संबंधों के समर्पण संघर्ष और त्याग नहीं पैदा होता। वंदेमातरम वह मंत्र है जिसमें अपनी भूमि के प्रति मां का भाव जाग्रत होता है। वह संबंधों की ही शक्ति है, भारत देश में परमात्मा को भी पुत्र बना लिया जाता है। महाराज मनु ने परमात्मा को पुत्र बना लिया, तो महाराज हिमाचल ने जगदंबा को अपनी बेटी बना लिया। राजस्थान की धरती की भक्तिमति मीरा जी ने भगवान को अपना पति बना लिया। यह संबंधों की ही ताकत है कि वह पूर्ण ब्रह्म परमात्मा छछिया भर छाछ के लिए गोपियों के सामने नृत्य करता है। पंडित मनोज जी ने कहा कि ईश्वर के साथ संबंध बनाकर उसे ही पुत्र के रूप में प्राप्त करने की कामना करना जो ईश्वर जैसा पुत्र प्राप्त करना चाहता हूं वह भगवान की भक्ति के माध्यम से ईश्वर को अपना बेटा बन सकता है। कथा से पूर्व राम की प्रतिमा और रामायण का पूजन डॉ श्रवण कुमार मोदी, कन्हैयालाल खंडेलवाल, भंवर कानूगो ने सपत्नीक किया। संचालन हनुमान प्रसाद दवे ने किया। मनधर निवासी प्रेमसिंह राव प्रसादी के लाभार्थी रहे। इस अवसर पर गुमान सिंह राव, जोगाराम चौधरी, राणमल शर्मा, दिनेश भाटी, श्याम खेतावत, कोलचंद सोनी, दिनेश चंद्र गौड, नारायण जांगिड, महेश व्यास आदि बडी संख्या में स्त्री पुरुष उपस्थित थे।

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

जालोर । भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को महाविद्यालयों में निबंध, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जिले के महाविद्यालयों में आयोजित निबंध, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष, जल-जंगल-जमीन की रक्षा हेतु किए गए आंदोलन तथा आदिवासी अस्मिता के पुनर्जागरण पर अपने विचार निबंध, भाषण व पोस्टर के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित श्री राजेन्द्र सूरि जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने वर्ष 2047-विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध लेखन किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा तेजल कुमारी ने प्रथम, बीएससी पंचम सेमेस्टर यास्मीन बानो ने द्वितीय व बीए तृतीय सेमेस्टर की सानिया राजपुरोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जनजातीय गौरव वर्ष के तहत 7 नवम्बर को जिले में कृषकों की संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा तथा विभागीय गतिविधियों, योजनाओं एवं भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी के बारे में जानकारी दी जायेगी।

जिलेवासियों से की अपील

जालोर । जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विशेष गहन पुनरीक्षण कर्यक्रम को जिलेवासियों से अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 4 नवंबर से बीएलओ के माध्यम से जालोर के प्रत्येक घर-घर में जाकर मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरित करने का कार्य प्रारंभ किया गया है जो 4 दिसम्बर तक चलेगा। उन्होंने मतदाताओं से बीएलओ द्वारा उपलब्ध करवाए जाने वाले परिगणना प्रपत्र में वांछित सूचनाएँ भरकर 4 दिसंबर तक बीएलओ के पास जमा करवाने का आग्रह करते हुए कहा कि परिगणना प्रपत्र भरते समय कुछ सूचनाएं उसके अंदर पहले से ही प्री-फिल्ड होकर आएगी। और शेष सूचनाएं जो है, वह किस तरह से भरी जानी है, वह बीएलओ आपको संपर्क करके सूचित कर देंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं को एक नवीन उनका रंगीन फोटो, पासपोर्ट साइज फोटो उपलब्ध कराना है और जो परिगणना प्रपत्र है, उस पर हस्ताक्षर करने होंगे। जिस किसी भी मतदाता का वर्ष 2002 में हुए एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में अगर नाम है, या उनके माता-पिता का या रिश्तेदार का 2002 की सूची में नाम है, ऐसे सभी मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। केवल परिगणना प्रपत्र भरकर, उस पर हस्ताक्षर करने हैं और एक नवीन रंगीन फोटो बीएलओ के पास जमा करना है।

आवेदन की तिथि 30 तक बढ़ी

जालोर । अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी लि. जालोर (अनुजा निगम) द्वारा जिले में वित्तीय 2025-26 में अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाईकर्मी, अन्य पिछड़ा वर्ग व दिव्यांगजन वर्ग के व्यक्तियों को राष्ट्रीय निगमों से विभिन्न योजनाओं में रियायती ब्याज दर पर स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवम्बर किया गया है। अनुजा निगम जालोर के परियोजना प्रबन्धक भगवानाराम चौधरी ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी लि. जालोर (अनुजा निगम) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन ऋण के आवेदन के लिए पोर्टल खोला जा चुका है। इच्छुक पात्र व्यक्ति 30 नवम्बर, 2025 तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज यथा- जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, ऑनलाइन जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (4 पेज वाला जो 6 माह से पुराना न हो), लाईसेंस, बैंक पास बुक (जनाधार लिंक खाता स्वयं प्रार्थी को हो) के साथ इच्छुक पात्र व्यक्ति ई-मित्र अथवा स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से अनुजा निगम पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। आवेदन की आयु 18 वर्ष से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। ऋण आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी अनुजा निगम जिला परिषद जालोर से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिलेभर में होंगे देशभक्ति के कार्यक्रम

जालोर । राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिले में 8 से 15 नवम्बर तक देशभक्ति, स्वदेशी और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करने वाले विविध कार्यक्रम होंगे। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने बताया कि कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 8- 9 नवम्बर को जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रभातफेरी, बाइक रैली, रन, शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि, विद्यालयों में सामूहिक गायन, चित्रकला, निबंध लेखन व रंगोली प्रतियोगिताएं होंगी। एनएसएस स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान व रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे, वहीं स्वतंत्रता सेनानियों व उनके परिजनों का सम्मान भी किया जाएगा। 10 से 15 नवम्बर तक क्रमवार सभी सरकारी कार्यालयों, निकायों, पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों व पुलिस थानों में वंदे मातरम सहित स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही 7 से 26 नवम्बर तक सभी शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम गीत का सामूहिक वाचन कराया जाएगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने ली बैठक

जालोर । भारतीय स्टेट बैंक कचहरी रोड़ जालोर में क्षेत्रीय प्रबधक रमेश टांक ने शाखा मुख्य प्रबंधक प्रशांत गहलोत की उपस्थिति में कार्मिकों की बैठक ली। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश टांक ने शाखा की जमा, अग्रिम, बचत, चालू खाता खोलने, तिमाही बजट अचीव करने, कार लोन, होम लोन, पर्सनल लोन को समय पर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर परिचालान मुख्य प्रबंधक धनराजसिंह देवड़ा, सर्विस मैनेजर सुरेश मेहता, बीडीम सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कैश ऑफिसर भूपिंदर दायमा उपस्थित रहे।

युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

रेवदर । सिरोही रेवदर में कपडे धो रही महिला के गले से सोने की चेन चोरी कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकडा। रेवदर के जैन मंदिर के सामने से कपडे धो रही महिला के गले से सोने की चेन चुराकर फरार युवक को होमगार्ड गफ्फार खान और ग्रामीणों ने पीछा कर युवक को रेवदर नदी के आसपास से पकडा। नदी में युवक को छुडाने पहुंचे दो लोगों से हुई हाथापाई, ग्रामीणों ने युवक को पकडकर पहुंचाया रेवदर थाने, पुलिस अब युवक से इस संबंध में कर रही पूछताछ ।

जालोर में कृषि विभाग की मासिक बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

■ किसानों से अधिकाधिक आवेदन करने की अपील

सायला, (निसं)। कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) जालोर की नवम्बर माह की मासिक बैठक मंगलवार को उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा जालोर के सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) रामलाल जाट ने की। बैठक में जिले के सभी सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विभागीय अनुदान योजनाओं- राष्टीय प्राकृतिक खेती मिशन, परंपरागत कृषि विकास योजना, आरकेवीवाई-सिंचित क्षेत्र विकास, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल, तारबंदी, फार्म पॉन्ड, कृषि यंत्र अनुदान, सिंचाई पाइपलाइन, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, भूमिहीन कृषि श्रमिक संबल मिशन, बैलों से खेती एवं बायोपेस्टीसाइड योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। संयुक्त निदेशक रामलाल जाट ने फार्म पॉन्ड, सिंचाई पाइप एवं तारबंदी के अपूर्ण कार्यों को इसी माह में पूर्ण कर पोस्ट वेरिफिकेशन करवाकर पत्रावलियां अनुदान भुगतान हेतु भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना अंतर्गत केंचुआ इकाई स्थापना के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर लक्ष्यानुसार आवेदन प्राप्त करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में बुवाई कार्य जारी है और उर्वरकों की आपूर्ति ग्राम सेवा सहकारी समितियों, य-वि य समितियों एवं निजी वि ताओं के माध्यम से की जा रही है। वितरण की निगरानी के लिए विभागीय कार्मिकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत तहसील प्रभारी अधिकारी या जिला कार्यालय को सूचित करने के निर्देश भी दिए गए। भूमिहीन कृषि श्रमिक संबल मिशन के अंतर्गत जल्द ही ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से किसान राजकिसान साथी पोर्टल पर आवेदन कर कृषि यंत्र एवं बैलों से खेती योजना का लाभ उठा सकेंगे।

सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सुभाष चंद्र ने धरती माता बचाओ अभियान के तहत आयोजित शपथ कार्यक्रमों एवं ग्राम सभाओं में अधिकाधिक कृषक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित कार्मिकों को शपथ भी दिलाई। सहायक निदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि विभिन्न अनुदान योजनाओं में जारी प्रशासनिक स्वीकृतियों की समय-सीमा पूर्ण हो चुकी है, और जिन किसानों ने कार्य प्रारंभ नहीं किया है, उनके आवेदन तत्काल निरस्त किए जाएं। निर्धारित अवधि - कृषि यंत्र योजना के लिए 45 दिन, तारबंदी के लिए 60 दिन तथा फार्म पॉन्ड के लिए 90 दिन रखी गई है। कृषि अधिकारियों राजेन्द्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद एवं अमित आहुजा ने आगामी प्रशिक्षण कार्य मों, अनुदान भुगतान और विभागीय गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही फसल कटाई प्रयोग के प्रपत्र 2 एवं 3 को पूर्ण कर शत-प्रतिशत ऑनलाइन सबमिट करने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर यह भी बताया गया कि कृषि आयुक्तालय, राजस्थान जयपुर द्वारा विभागीय अनुदान योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 तक बढा दी गई है। संयुक्त निदेशक ने किसानों से अपील की कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र आवेदन करें तथा सभी फील्ड स्टाफ को अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। बैठक का समापन सभी योजनाओं की शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देशों के साथ किया गया।

सहायक कृषि अधिकारियों व कृषि पर्यवेक्षकों की बैठक सम्पन्न

जालोर, (कासं)। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट की अध्यक्षता में सहायक कृषि अधिकारियों एवं .षि पर्यवेक्षकों की माह नवम्बर की मासिक बैठक आत्मा जालोर के सभागार मे आयोजित की गई जिसमें विभागीय अनुदान योजनाओं यथा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, परम्परागत कृषि विकास योजना, आरकेवीवाई-सिंचित क्षेत्र विकास, नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल, तारबंदी, फार्म पौण्ड, क़षि यंत्र अनुदान, सिंचाई पाईपलाईन, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, भूमिहीन कृषि श्रमिक सम्बल मिशन, बैलों से खेती, बायो एजेन्ट/बायो पेस्टीसाईड अनुदानित दर पर वितरण एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट ने फार्म पौण्ड, सिंचाई पाईप एवं तारबंदी के अपूर्ण कार्यों को इसी माह में पूर्ण करवाकर पोस्ट वेरिफिकेशन पूर्ण कर पत्रावलियां अनुदान भुगतान के लिए भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोवर्धन जैविक उर्वरक योजनान्तर्गत केंचुआ इकाई स्थापना के लिए प्रचार-प्रसार कर आवंटित लक्ष्यानुसार आवेदन प्राप्त कर लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने वर्तमान में हो रही बुवाई के दौरान मांग अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति ग्राम सेवा सहकारी समिति, क्रय विक्रय सहकारी समिति, निजी विक्रेताओं के माध्यम से वितरण के लिए संस्थावार नियुक्त विभागीय कार्मिकों की निगरानी में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए इसमें किसी प्रकार की समस्या होने पर अविलम्ब तहसील प्रभारी अधिकारी/जिला कार्यालय में सूचना देने की बात कही।

सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सुभाष चन्द्र ने धरती माता बचाओ अभियान अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले शपथ कार्यक्रम एवं ग्राम सभाओं में अधिकाधिक कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के बारे में बताया एवं शपथ दिलाई। उन्होंने विभिन्न अनुदान योजनाओं में जारी प्रशासनिक स्वी.ति की कार्य पूर्ण करने की अवधि पूर्ण होने पर भी जिन कृषकों द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ऐसे कृषकों के आवेदन तत्काल निरस्त करने के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कृषि अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद, अमित आहुजा ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाली विभागीय गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अनुदान भुगतान आदि की रूपरेखा एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में फसल कटाई प्रयोग के प्रपत्र 2 एवं 3 पूर्ण कर शत-प्रतिशत ऑनलाईन सबमिट करने के लिए समस्त प्राथमिक कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया।

कृषि आयुक्तालय राजस्थान जयपुर द्वारा विभागीय अनुदान योजनाओं अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन एवं प्रशासनिक स्वी.ति जारी करने की तिथि 31 दिसम्बर 2025 तक बढ़ाई गई है। विभिन्न विभागीय अनुदान योजनाओं के लाभ लेने के इच्छुक .षक अंतिम तिथि का इंतजार किये बिना अधिकाधिक संख्या में ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। समस्त फील्ड कार्मिकों को इसका अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने लिया प्रसंज्ञान

जालोर । जालोर शहर के निकट नेशनल हाइवे 325 पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान श्रमिक की मौत के मामले में समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशानुसार सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने प्रसंज्ञान लिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। इस संबंध में उन्होंने थानाधिकारी को पत्र प्रेषित कर प्रथम सूचना रिपोर्ट तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रमाणित रिपोर्ट पेश करने के साथ ही इस मामले में अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को भी दुर्घटना स्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा उपकरणों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने तथा मृतक के वारिस को प्रतिकर देने के संबंध में भी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि सामतीपुरा रोड के समीप रेलवे ब्रिज के पास चल रहे कार्य के दौरान रविवार रात को एक श्रमिक की मौत हो गई थी, इस संबंध में समाचार पत्रों में पुल निर्माण में सुरक्षा उपकरण की कमी होने के संबंध में समाचार प्रकाशित हुआ था।

प्रतियोगिता 9 से

जालोर । जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में सब जूनियर एवं जूनियर बॉयज और गर्ल्स के जिला स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 9 नवम्बर को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा टेनिस खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करना है। जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष माला राम साहू ने बताया कि राजस्थान टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए जालोर जिले के खिलाडियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप शिवपुरी के नेतृत्व में शिवपुरी फैमिली फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा सब जूनियर अंडर-10, अंडर-12 एवं अंडर-14 वर्ग के बॉयज एण्ड गर्ल्स में सिंगल्स इवेंट्स एवं बॉयज एंड गर्ल्स के अंडर-10, अंडर-14 के वर्ग में डबल्स इवेंट्स का आयोजन 14-16 नवम्बर तक जयपुर क्लब, महावीर मार्ग, सी स्कीम, जयपुर में किया जाएगा।

पॉश मशीन में आधार सर्वर एवं नेटवर्क की समस्याओं से उपभोक्ता परेशान

भीनमाल, (निसं)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के द्वारा राज्य में सभी राशन की दुकानों पर लगी पीओएस मशीनों में बदलाव हेतु न्यू सॉफ्टवेयर वर्जन अपडेट किया गया है। राशन सामग्री वितरण करने हेतु पहले राशन डीलर की बायोमेट्रिक सत्यापन करने के बाद ही पीओएस मशीन में उपभोक्ताओं को गेहू वितरण करने की प्रक्रिया चालू होगी इस अपडेट से अब स्वयं राशन डीलर को ही वितरण का कार्य करना पडेगा। पहले राशन की दुकानों पर कोई भी व्यक्ति राशन सामग्री वितरण कर सकते थे लेकिन माह नवम्बर से स्वयं राशन डीलर की बायोमेट्रिक से पॉश मशीन को लॉगिन करना अनिवार्य किया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के द्वारा शक्षम परिवारों को स्वेच्छा से अपना नाम हटाने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 तक बढा दी गई है। जिसमें उपभोक्ता अपनी स्वेच्छा से हट सकते है। उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा में चयनित उपभोक्ताओं को नवीनत्तम तकनीकी युक्त थर्मल प्रिंटर मशीन का सर्वर डाउन होने पर मशीनों से खाद्य सामग्री को लेने के लिए आने वाले लोगों को काफी परेशानियां का सामना करना पड रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि पॉश मशीन में हर समय नेटवर्क की समस्या होने व कई उपभोक्ताओं के फिंगर प्रिंट नहीं आने से दिनभर बैङ्गकर निराश होकर शाम को घर वापस लौटना पडता है। ग्रामीणों ने बताया कि मशीनों में कनेक्टिविटी कमजोर होने के कारण फिंगर प्रिंट नहीं आते है और रिचार्ज कराने पर भी नेट समस्या बनी रहती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को एक बार में सामान नहीं मिल पा रहा है और उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड रहे है। उपभोक्ताओं ने बताया कि मशीन थोडी सी भी कमी रहने पर उस राशन कार्डधारी का डाटा स्वीकार नहीं करती है। इससे भी ज्यादा उन लोगों को परेशानी उठानी पड रही है। राशन डीलर संघ प्रदेश प्रवक्ता वरदाराम देवासी ने बताया कि सभी जगह पर पॉश मशीन में सर्वर डाउन होने से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। मशीन से एंट्री कर राशन बांटने का काम बिल्कुल पारदर्शी होने के साथ अच्छा है। मशीन से एक राशन कार्ड की प्रोसेसिंग से काफी समय लगने से लोगों को परेशानियां हो रही है। राशन सामग्री उपभोक्ताओं को वितरण की जाएगी। भीनमाल प्रवर्तन निरीक्षक प्रदीप परिहार ने बताया।

'शराब पीकर वाहन चलाने वाले का हो लाइसेंस रद्द'

■ हाईवे के आस-पास अतिक्रमण तुरंत हटाएं

जालोर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में यातायात एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से प्रदेशभर में मंगलवार (4 नवम्बर) से आगामी 15 दिन तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें।शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर ट्रेफिक एवं सड़क सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक नहीं लेने वाले जिला कलक्टर्स से जवाब लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारी वाहन लाइसेंस नवीनीकरण के समय प्रस्तुत की जाने वाली आंखों की जांच रिपोर्ट गलत पाए जाने पर उसे जारी करने वाली संबंधित डॉक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने परिवहन और पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि शराब पीकर वाहन चलाने और ओवरस्पीड के बार-बार चालान होने पर वाहन चालक का लाइसेंस निरस्त किया जाए। उन्होंने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रदेश में चिन्हित ब्लैक स्पॉटों को शीघ्र ठीक करवाने एवं राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर अवैध कट को शीघ्र बंद करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने जयपुर-कोटा, जयपुर दिल्ली, जयपुर-अजमेर व जयपुर-भरतपुर हाईवे पर वाहन चालकों के लिए नवीन आरामस्थलों के लिए जमीन चिन्हित कर बनवाने के निर्देश दिए। शर्मा ने एनएचएआई के अधिकारियों को राजस्थान में भारतमाला राष्ट्रीय राजमार्ग और दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर के किनारे समस्त अवैध निर्माणों को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सभी संकेतक तथा विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर आराम स्थल, ट्रक ले- बाई और स्लिप लाइन के संकेतकों के निश्चित स्थान लगे होने की सुनिश्चितता के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि हाईवे पर तय स्थानों को छोड़कर वाहन रोकने वाले चालकों के खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की निगरानी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी करें।

उन्होंने आगामी 15 नवम्बर से 15 फरवरी तक प्रदेश में ट्रक चालकों की आंखों की जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को वाहन चालकों से ओवरटाइम ड्राइविंग करवाने ट्रांसपोर्ट कम्पनियों की जिम्मेदारी तय कर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि सभी जिला कलक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक अवैध कटों को बंद कराने के लिए विशेष कार्रवाई करें एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग सभी व्यस्ततम राज्य राजमार्गों के अवैध कटों पर रेलिंग लगाए। उन्होंनें परिवहन विभाग को हाईवे पर गलत दिशा से आने वाले वाहनों पर कठोरतम कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हाईवे पर इंटरसेप्टर तैनात कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

शिविर में शंखनाद के साथ दिनचर्या की शुरुआत

जालोर, (कासं)। क्षत्रिय युवक संघ जालोर की ओर से निकटवर्ती पचानवा गाँव के श्री आशापुरा रिसोर्ट में चल रहे मातृशक्ति प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को प्रात:कालीन शंखनाद के साथ दिवस की शुरुआत हुई। प्रार्थना के बाद स्वयं सेविकाओं को योग करवाया गया जिसमें यह बताया गया कि आज की भागदौड भरी जीवन शैली में किस तरह अपने शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता हैं। फिर खेलों के माध्यम से बालिकाओं को मनोवैज्ञानिक तरीके से शिक्षण दिया गया। शारीरिक खेल शरीर के लिए क्यों आवश्यक हैं इस पर चर्चा की गई। समास्या कार्यक्रम के दौरान क्षात्रधर्म के प्रतीक केसरिया ध्वज के महत्व और उसके सम्मान को आज के दौर में किस तरह से बरकरार रखा जा सकता है इस बारे में बताया गया। बौद्धिक के तहत वरिष्ठ स्वयं सेविका रश्मिकंवर देलदरी द्वारा पूज्य तनसिंह और श्री क्षत्रिय युवक संघ की स्थापना से लेकर उसके द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का परिचय दिया गया। उन्होंने संघ की मनोवैज्ञानिक कार्यप्रणाली के बारे में कहा कि किस प्रकार संघ हमारे जीवन में परिवर्तन लाकर स्वधर्म के माध्यम से ईश्वरीय प्राप्ति के मार्ग में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है।

सार-समाचार

परिगणना प्रपत्र भरने से संबंधित दी जानकारी

जालोर । जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण करने का कार्य प्रारंभ किया गया जो 4 दिसम्बर तक चलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को जिले के सायला क्षेत्र के जीवाणा में पहुँच मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से किया जा रहे संपर्क एवं इनुमेरेशन फॉर्म वितरण व संग्रहण कार्य का अवलोकन किया तथा समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से तथा स्थानीय नागरिकों से एसआईआर को लेकर चर्चा की तथा एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं व उपस्थित जनों से एसआईआर को लेकर बीएलओ से जानकारी प्राप्त करने, परिगणना प्रपत्र भर व नवीन फोटो चस्पा कर जमा करवाने तथा बीएलओ का सहयोग करने एवं एसआईआर के दौरान अधिकतम भागीदारी निभाने की अपील की। जिले के आहोर, जालोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण द्वारा संबंधित विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर एसआईआर गतिविधियों का अवलोकन कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए। जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण/पुनर्स्थापन 4 नवम्बर से मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी, 2026 तक जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में चल रहे नियंत्रण कक्ष में जिला सम्पर्क केन्द्र स्थापित किया गया है जिसके लैण्डलाईन टेलीफोन नम्बर पर टोल फ्री नम्बर 1950 की सेवाएँ संचालित की जा रही है। जिस पर मतदाता एसआईआर-2026 के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

शहरी सेवा शिविर के फोलोअप कैम्प आयोजित

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में "शहरी सेवा शिविर-2025" के फोलोअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड सं. 9 से 16 तक के लिए नगर परिषद जालोर के सभागार में फोलोअप कैम्प का आयोजन किया गया। नगर परिषद जालोर के आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि फोलोअप कैम्प में आबादी भूमि नियमन, कृषि भूमि नियमन, भवन निर्माण स्वीकृतियाँ, नामान्तरण, उप विभाजन प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन इत्यादि से संबंधित आवेदन पत्र किए गए। शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया।नगरपरिषद जालोर क्